**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 95**

**सोमवार, 03 फरवरी, 2025 / 14 माघ, 1946 (शक)**

**ई-श्रम और पीएम-एसवाईएम डेटा**

**95. श्री राजू बिष्ट:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल में ई-श्रम कार्ड के प्रारंभ से अब तक इसके कुल पंजीकरण का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों में ई-श्रम कार्ड के लिए कितने कामगारों का नामांकन किया गया है; और

(ग) दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों में प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना (पीएम-एसवाईएम) के अंतर्गत कितने कामगारों का नामांकन किया गया है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने असंगठित कामगारों का आधार से जुड़ा राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्ल्यू) के सृजन के लिए दिनांक 26 अगस्त 2021 को ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) की शुरुआत की। ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित कामगारों को स्व-घोषणा के आधार पर एक यूनिवर्सल एकाउंट नंबर (यूएएन) प्रदान करके पंजीकृत करना और उन्हें सहायता प्रदान करना है।

ई-श्रम के तहत पश्चिम बंगाल राज्य में दार्जीलिंग, कालिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों सहित असंगठित कामगारों का जिला वार पंजीकरण **अनुबंध I** में है और दार्जीलिंग, कालिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों में प्रधान मंत्री श्रम योगी मान-धन योजना (पीएम-एसवाईएम) के अंतर्गत पंजीकृत कामगारों की संख्या **अनुबंध II** पर दी गई है।

*******

**अनुबंध-I**

**"ई-श्रम और पीएम-एसवाईएम डेटा" के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 95 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों सहित पश्चिम बंगाल में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों की जिलावार संख्या निम्नानुसार है:

| **क्र.सं.** | **जिला** | **कुल पंजीकरण** |
|---|---|---|
| 1. | 24 परगना उत्तर | 20,58,482 |
| 2. | 24 परगना दक्षिण | 22,58,722 |
| 3. | अलीपुरद्वार | 4,21,745 |
| 4. | बांकुड़ा | 14,12,781 |
| 5. | बीरभूम | 13,66,652 |
| 6. | कूचबिहार | 11,00,151 |
| 7. | दार्जिलिंग | 2,79,564 |
| 8. | दिनाजपुर दक्षिण | 6,05,379 |
| 9. | दिनाजपुर उत्तर | 9,70,669 |
| 10. | हुगली | 13,69,243 |
| 11. | हावड़ा | 9,46,143 |
| 12. | जलपाईगुड़ी | 6,18,746 |
| 13. | झारग्राम | 4,06,413 |
| 14. | कलिम्पोंग | 51,456 |
| 15. | कोलकाता | 2,22,521 |
| 16. | मालदा | 13,71,711 |
| 17. | मेदिनीपुर पूर्व | 17,27,522 |
| 18. | मेदिनीपुर पश्चिम | 15,83,086 |
| 19. | मुर्शिदाबाद | 23,78,518 |
| 20. | नादिया | 19,45,225 |
| 21. | पश्चिम बर्धमान | 5,68,681 |
| 22. | पूर्व बर्धमान | 16,46,482 |
| 23. | पुरुलिया | 11,13,797 |
| | **कुल** | **2,64,23,689** |

**अनुबंध-II**

**“ई-श्रम और पीएम-एसवाईएम डेटा” के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 95 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों में प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना (पीएम-एसवाईएम) में नामांकित कामगारों की संख्या निम्नानुसार है :

| **क्र. सं.** | **जिला** | **कुल पंजीकरण** |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर दिनाजपुर | 4406 |
| 2. | दार्जिलिंग | 1393 |
| 3. | कलिम्पोंग | 214 |

***